FLocal-21 (Jal).qxd 5/21/2017 1:54 AM Page 2

रायल कोर्ट पैलेस में सऊदी अरब के राजकुमार सलमान अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मैडल से सम्मानित करते हुए।

एन.आई.ए. ने अलगाववादियों के खिलाफ शुरू की जांच

श्रीनगर, 20 मई (वार्ता) : राष्ट्रीय जांच एजैंसी (एनआईए) ने कश्मीर घाटी में विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान से अलगाववादियों को कथित रूप से धनराशि मिलने के मामले की जांच शुरू कर दी है। इस बीच प्रशासन ने घाटी में हुर्रियत कांफ्रेंस के कट्टरपंथी धड़े द्वारा बुलाई गई 'मजलिस-ए-शूरा' की आपात् बैठक पर रोक लगा दी है। एनआईए ने हुर्रियत के कट्टरपंथी धड़े के अध्यक्ष सैयद अली शाह गिलानी, नेशनल फ्रंट के प्रमुख नईम अहमद खान, हुर्रियत के सहयोगी फारूक अहमद डार और तहरीक-ए-हुर्रियत के गाजी जावेद बाबा समेत कई अलगाववादी नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किये हैं। नईम खान समेत कुछ अलगाववादी नेताओं ने हाल ही में एक टेलीविजन चैनल के स्टिंग ऑपरेशन के दौरान कथित रूप से यह स्वीकार किया था कि अलगाववादियों को पथराव करने तथा सुरक्षा बलों पर हमले एवं संपत्तियों को नुक्सान पहुंचाने के लिए पाकिस्तान से धनराशि प्राप्त हो रही है। नईम खान ने हालांकि एक संवाददाता सम्मेलन में इस स्टिंग ऑपरेशन को फर्जी और बनावटी करार दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अलगाववादी नेताओं के खिलाफ आरोपों की जांच शुरू करने के लिए एनआईए की टीम कल यहां पहुंची। उन्होंने बताया कि एनआईए की टीम सभी दस्तावेज़ों और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों की विस्तृत जांच के बाद ही किसी अलगाववादी नेता को तलब करेगी।

* प्रशासन ने हुर्रियत द्वारा बुलाई बैठक पर रोक लगाई

श्रीनगर में कंटीली तार लगा कर बंद किये रास्ते के पास से गुज़रते हुए वाहन चालक।

डोनाल्ड ट्रंप सऊदी अरब पहुंचे

रियाद, 20 मई (एजेंसी) : अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शनिवार को सऊदी अरब पहुंच गए। ट्रंप अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय दौरे के तहत सऊदी अरब पहुंचे हैं। इस दौरे के तहत वह इजरायल, वेटिकन सिटी, बेल्जियम और इटली का दौरा करेंगे। समाचार एजेंसी एफे के मुताबिक, रियाद के किंग खालिद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सऊदी अरब के सुल्तान सलमान बिन अब्दुल्लाजीज ने ट्रंप की अगुवाई की। अब्दुल्लाजीज ने ट्रंप के लिए एक स्वागत समारोह आयोजित किया। ट्रंप के साथ उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप भी हैं। ट्रंप आर्थिक सहयोग पर अब्दुल्लाजीज और सऊदी अरब के कई नेताओं के साथ बैठक करेंगे। सऊदी अरब ने अमरीका के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए सऊदी-अमरीकी बिजनेस फोरम का आयोजन भी किया है।

आईसीजे में जाधव मामले में पाक की पैरवी अटॉर्नी जनरल करेंगे

इस्लामाबाद, 20 मई (एजैंसी) : पाकिस्तान में जासूसी के आरोप में सैन्य अदालत द्वारा मौत की सज़ा पाए भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी कुलभूषण जाधव मामले में पाकिस्तान के अटॉर्नी जनरल अश्तर ऑसफ अली अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। जियो टीवी के मुताबिक, ऑशफ अली ने शनिवार को ऐलान किया कि वह आईसीजे में जाधव मामले में पाकिस्तान की ओर से दलीलें रखेंगे। इससे पहले कुरैशी ने पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया था। आईसीजे ने गुरुवार को मामले में अंतिम फैसला सुनाए जाने तक जाधव की मौत की सज़ा पर रोक लगा दी थी। इसके बाद पाकिस्तान की विपक्षी पार्टियों ने सरकार की निंदा करते हुए कहा कि यह फैसला पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका है।



हर रोज़ 35 किसान कर रहे हैं आत्महत्या : कांग्रेस

नई दिल्ली, 20 मई (वार्ता) : कांग्रेस ने आज कहा कि देश में हर रोज करीब 35 किसान आत्महत्या कर रहे हैं और मोदी सरकार तीन साल से किसानों की कोई सुध नहीं ले रही है। पार्टी ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ भाषण दे रहे हैं और किसान तथा खेतीहर मज़दूरों की समस्याओं के निदान के लिए कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। पार्टी ने कहा 'एक आंकड़े के अनुसार प्रतिदिन 35 किसान आत्महत्या कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जी गरीब दम तोड़ रहे हैं, आपको कोई भाषण तो नहीं देना है।' वीटर पेज पर यहां जंतर मंतर पर धरना देने वाले तमिलनाडु के 40 किसानों का एक वीडियो भी जारी किया है जिसमें कहा गया है कि राज्य में 2014 में 12 हज़ार 360 और 2015 में 12 हज़ार 602 किसानों ने आत्महत्या की। धरने पर बैठे किसान आत्महत्या कर चुके अपने साथी किसानों की खोपड़ियों की माला पहने हैं और उनके शरीर पर अंग वस्त्र के सिवा कुछ नहीं है। किसानों को चूहे खाते हुए भी दिखाया गया है।

सिंचाई विभाग का पेपर लीक करवाने वाला अशोक वाराणसी से काबू

एस.ए.एस. नगर, 20 मई (जसबीर सिंह जस्सी): सिंचाई विभाग में हुई भर्ती के लिये पेपर लीक करवाने वाले मामले में विजिलैंस ने अशोक राय को वाराणसी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। विजिलैंस का आरोप है कि अशोक राय सिंचाई विभाग का पेपर हासिल कर आगे पहुंचाता था। विजिलैंस देर सायं तक अशोक राय को लेकर मोहाली पहुंचेगी। अशोक राय को गिरफ्तार करने की पुष्टि करते हुए डीएसपी धर्मपाल ने बताया कि अशोक के मोहाली पहुंचने के बाद ही बाकी बातों का खुलासा होगा। उधर विजिलैंस द्वारा पुड्डा, कार्पोरेशन तथा पनसप में हुई भर्ती के लिए दिल्ली प्रिंटिंग प्रैस में पेपर हासिल करके लाने वाले सैलेश कुमार को आज पिछले रिमांड के बाद फिर अदालत में पेश किया, जहां अदालत ने सैलेश कुमार को और चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया और अदालत ने आरोपी अनूप कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि इस केस का मुख्य आरोपी संजय श्रीवास्तव उर्फ गुरु जी उर्फ मास्टर जी पहले ही 22 मई तक पुलिस रिमांड पर है। वर्णनीय है कि दिल्ली प्रिंटिंग प्रैस में सैलेश कुमार पेपर लेकर आता था, यह पेपर आगे शिव बहादुर को दिये जाते थे व शिव बहादुर इन पेपरों को गुरु जी तक पहुंचाता था। गुरु जी इन पेपरों को परीक्षाओं तक पहुंचाने के लिए आटो का प्रयोग करता था और अलग-अलग जगहों पर उक्त परीक्षार्थियों को मिलता और काम समाप्त होने के बाद अपना सिम बदल लेता था। सभी परीक्षार्थियों को वह अलग-अलग नम्बरों पर फोन करता था, इसलिए गुरु जी को पकड़ने में विजीलैंस को काफी पसीना बहाना पड़ा। उधर विजीलैंस की एक टीम दिल्ली प्रिंटिंग प्रैस में व एक टीम आगरा प्रिंटिंग प्रैस में पहुंच चुकी है व शेष आरोपियों की निशानदेही के लिए छापे मार रही है।

सैलेश 4 दिन के और रिमांड पर

राजनाथ ने की चीन सीमा से सटे 5 राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बैठक

गंगटोक, 20 मई (एजैंसी) : केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को चीन की सीमा से सटे पांच राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ पहली सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती (जम्मू एवं कश्मीर), वीरभद्र सिंह (हिमाचल प्रदेश), त्रिवेंद्र सिंह रावत (उत्तराखंड), पवन कुमार चामलिंग (सिक्किम) और पेमा खांडू (अरुणाचल प्रदेश) ने हिस्सा लिया। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि बैठक का लक्ष्य पूरी सीमा की सुरक्षा के लिए मंत्रालय और पांचों राज्यों के बीच समन्वय को मज़बूत करना है। गृह मंत्री शुक्रवार से सिक्किम के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। अधिकारी ने कहा कि बैठक में गृह मंत्रालय द्वारा किए गए सीमा के बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्य, सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम और राज्यों तथा भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के बीच समन्वय के मुद्दों पर चर्चा की गई।

इराक में आत्मघाती हमलों में 35 लोगों की मौत

बगदाद, 20 मई (एएफपी) : इराक की राजधानी बगदाद और अन्य स्थानों पर हुए आत्मघाती हमलों में कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। इस्लामिक स्टेट ने इन हमलों को अंजाम देने का दावा किया है। ये हमले कल रात हुए। ब्रिगेडियर जनरल साद मान ने बताया कि बगदाद में आत्मघाती कार बम हमलावरों ने एक जांच चौकी के पास हमला किया। इस घटना में 24 लोगों की मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने एक हमलावर को मार गिराया जबकि दूसरे ने अपनी कार को विस्फोट में उड़ा लिया। एक अन्य घटना में आत्मघाती हमलावर ने बसरा शहर के बाहरी हिस्से में एक नाके के पास विस्फोटकों से भरे वाहन को विस्फोट से उड़ा दिया। अधिकारियों के अनुसार इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 30 अन्य घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने एक अन्य आतंकवादी को मार गिराया।

अफगान बैंक पर हमला, 3 की मौत

खोस्ट (अफगानिस्तान), 20 मई (एजैंसी) : अफगानिस्तान के दक्षिणपूर्वी हिस्से में बंदूकधारियों ने एक बैंक पर हमला कर दिया जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए। पटिका प्रांत की सरकार के प्रवक्ता अब्दुल्ला हसरत ने बताया कि पांच हमलावरों ने प्रांतीय राजधानी गारदेत के न्यू काबुल बैंक पर धावा बोल दिया और एक हमलावर ने बैंक के प्रवेश द्वार पर खुद को उड़ा लिया। उन्होंने कहा कि हमला उस वक्त हुआ जब लोग मासिक वेतन लेने के लिए कतार में खड़े थे। उप प्रांतीय गवर्नर अब्दुल वली ने कहा कि बैंक में मौजूद ज्यादातर लोग सुरक्षा बलों के सदस्य थे।

पाकिस्तानी वकीलों ने शरीफ को पद छोड़ने के लिए दिया 7 दिन का अल्टीमेटम

लाहौर, 20 मई (भाषा) : पाकिस्तानी वकीलों ने आज प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ को अल्टीमेटम दिया कि अगर वह पनामा पेपर्स मामले में सात दिनों में सत्ता नहीं छोड़ते तो वे उनके खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और लाहौर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने आज इस रुख का ऐलान किया। दोनों बार एसोसिएशन की ओर से जारी साझा बयान में कहा गया है, 'दोनों बार एसोसिएशन का मानना है कि पनामा पेपर्स मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के मद्देनजर प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ को अब अपने पद पर बने नहीं रहना चाहिए और इस्तीफा दे देना चाहिए।' उन्होंने कहा कि पनामा मामले ने इस बात का स्पष्ट संकेत दिया है कि शरीफ और उनके बच्चों ने वित्तीय अनियमितताएं और भ्रष्टाचार किए तथा जांच के लिए जेआईटी का गठन किया गया है।



विवादों में रहने वाले स्वामी ओम जी की पिटाई

नई दिल्ली, 20 मई (बलविंदर सिंह सोढी) : 'बिग बॉस' शो व अन्य कई विवादों में सुर्खियों में रहने वाले स्वामी ओम जी की दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान खूब पिटाई की गई और उन्हें भगा दिया गया। स्वामी ओम जी की पिटाई में उनके सिर से बिग भी नीचे गिर गया। इस अवसर पर स्वामी ओम जी ने भागने की भी कोशिश की परंतु लोग उनके बुरी तरह पीछे गये। उन्होंने भागकर कार में बैठने की कोशिश की परंतु लोगों ने उनकी कार का शीशा तोड़ दिया। इस घटना संबंधी स्वामी ओम जी ने एक साज़िश बताया है। उल्लेखनीय है कि स्वामी ओम जी हमेशा विवादों में घिरे हुए हैं। बाहरी दिल्ली में आयोजित (विकास नगर) एक कार्यक्रम में स्वामी ओम जी को मुख्य मेहमान बनाया गया था जैसे ही बाबा कार्यक्रम में पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनके पैरों को भी हाथ लगाया। बाबा जैसे ही मंच पर चढ़े तो लोगों में मौजूद एक महिला ने बाबा विरुद्ध अपनी आवाज़ उठाई और कहा कि इस कार्यक्रम में पाखंडी बाबा को नहीं बुलाना चाहिए था। महिला की इस बात को ज्यादा तवज्जो नहीं दी गई। मंच पर बाकायदा उनका फूलों के हार डालकर स्वागत किया गया और बाद में उन्हें मंच से नीचे सोफे पर बैठाया गया। इसके बावजूद भी महिला ने बाबा का विरोध जारी रखा और स्वामी ओम कुछ बोले ही नहीं परंतु उसी समय एक व्यक्ति ने मंच पर आकर बोलना शुरू किया और कहा कि ओम जी मुझे मिल जायें। उक्त व्यक्ति माइक छोड़कर मंच से नीचे आ गया और उसने बाबा की पिटाई शुरू कर दी। इसके बाद अन्य लोग भी बाबा को पीटने लगे। लोगों का कहना था कि हाल ही में स्वामी ओम जी की अश्लील वीडियो सामने आई हैं जिसके प्रति उनमें भारी रोष है। स्वामी ओम जी ने पुलिस के पास इस संबंधी शिकायत नहीं की है।



अमरीका में भारतीय मूल का छात्र मृत मिला

न्यूयॉर्क, 20 मई (भाषा) : अमरीका के न्यूयॉर्क में कॉर्नेल विश्वविद्यालय में पढ़ने वाला भारतीय मूल का 20 वर्षीय एक छात्र मृत पाया गया। वह कई दिन से लापता था। आलाप नरसिपुरा नाम का यह छात्र कॉर्नेल्स कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग का वरिष्ठ छात्र था। वह इस बुधवार से लापता था। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी पुलिस ने न्यूयॉर्क स्टेट पुलिस, इथाका पुलिस विभाग और इथाका दमकल विभाग के साथ काम कर उसका शव कल फॉल क्रीक से बरामद किया। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी पुलिस ने नरसिपुरा की पहचान की पुष्टि की है। पुलिस ने कहा कि नरसिपुरा के मौत की परिस्थितियों की जांच की जा रही है लेकिन किसी गड़बड़ी की आशंका नहीं है। अधिक जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है।

कश्मीर के मौजूदा हालात पर कांग्रेस ने की बैठक

नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसी) : कांग्रेस ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के आवास पर जम्मू एवं कश्मीर के मौजूदा हालात पर अपने नीति नियोजन समूह की पहली बैठक की। बैठक में गुलाम नबी आज़ाद और अंबिका सोनी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कश्मीर घाटी में व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद मनमोहन सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को इस समूह का गठन किया था। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया, जब जम्मू एवं कश्मीर के कांग्रेसी और नेशनल कांफ्रेंस के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की थी। कांग्रेस जम्मू एवं कश्मीर की मौजूदा स्थिति को न संभाल पाने के लिए मोदी सरकार और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और भाजपा गठबंधन सरकार की आलोचना करती रही है।

मनमोहन सिंह के आवास पर हुई नीति नियोजन समूह की पहली बैठक

वायुसेना प्रमुख ने अफसरों को तैयार.....

मुताबिक, धनोआ ने वायुसेना प्रमुख का पद संभालने के महज 3 महीने बाद 30 मार्च को लिखा गया यह पत्र सभी अधिकारियों को भेजा है। अपनी तरह की इस अभूतपूर्व चिट्ठी में धनोआ ने वायुसेना के भीतर 'पक्षपात' और 'यौन शोषण' के बढ़ते मामलों का भी ज़िक्र किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इससे पहले 1 मई, 1950 को तत्कालीन थल सेना प्रमुख केएम करिअप्पा और 1 फरवरी, 1986 को सेना प्रमुख जलसेना के सुंदरजी ने ऐसी चिट्ठी लिखी थी। मगर वायुसेना प्रमुख द्वारा अधिकारियों को इस तरह पत्र लिखने का यह पहला मौका है। वायुसेना प्रमुख धनोआ ने अपने पत्र में अफसरों से कहा, 'मौजूदा हालात में, हमेशा से जारी खतरे की आशंका बढ़ गई है इसलिए हमें मौजूदा संसाधनों के साथ ही बेहद शॉर्ट नोटिस पर बड़े अभियान के लिए तैयार रहने की ज़रूरत है। इसके साथ ही इसमें उन्होंने लिखा 'हमारा ट्रेनिंग प्रोग्राम इसे ही ध्यान में रखकर चलाया जाना चाहिए।' ऐसा समझा जा रहा है कि धनोआ ने संभवत: पाकिस्तान की तरफ से जारी छद्म युद्ध की ओर इशारा किया है, जो कि जम्मू कश्मीर में जारी विरोध प्रदर्शनों और सैन्य कैंपों पर हमले की बढ़ी वारदातों में देखा जा सकता है। इसके अलावा यह भी माना रहा है कि धनोआ ने 'मौजूदा संसाधनों' का जिक्र वायुसेना में 'लड़ाकू बेड़े' की कमी की तरफ ध्यान दिलाने के लिए किया है। धनोआ ने इसके साथ ही 'पिछले कुछ मौकों पर वायुसेना द्वारा प्रदर्शित ग़ैर-पेशेवर रुख' की तरफ भी ध्यान दिलाया है और कहा कि ऐसी चीज़ों ने वायुसेना की छवि पर दाग लगाया है। धनोआ ने कहा, 'कुछ बड़ी ज़िम्मेदारियों और पदोन्नति के लिए अधिकारियों के चयन में हमें पक्षपात की कुछ शिकायतें देखने को मिली हैं। यह कुछ ऐसी चीज़ें हैं, जिसे हम सहन नहीं कर सकते उन्होंने लिखा, 'वरिष्ठ अधिकारियों के निंदनीय व्यवहार, शारीरिक प्रताड़ना और यौन शोषण जैसे कृत्यों को भी स्वीकार नहीं किया जा सकता।'

कश्मीर समस्या कांग्रेस की देन.....

लगाते हुए यह स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री खट्टर को नहीं बदला जायेगा। पत्रकारों से बातचीत करते अमित शाह ने केंद्र की मोदी सरकार के तीन साल की उपलब्धियों का जमकर बखान किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने ओबीसी कमीशन को जहां संवैधानिक मान्यता देने का काम किया तो वहीं नोट बंदी जैसा साहसिक कदम उठाकर मोदी सरकार ने अपनी राजनीतिक इच्छा शक्ति का परिचय भी दिया और काले धन पर लगाम कसते हुए उसे सीमित करने का काम किया। जीएसटी को कानून के रूप में लागू करना भी मोदी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ ही सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप न लगना सरकार की तीन साल की उपलब्धियों में गिना जाता है।

उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा के तीन वर्ष के शासन के दौरान सरकार का जनता के बीच अच्छा संदेश गया है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत यह साबित करती है कि देश की जनता ने मोदी सरकार की तीन साल के कामों को स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे लोकप्रिय नेता बने हैं और उन्होंने इन तीन वर्षों के दौरान परिवारवाद व जातिवाद से मुक्ति दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इन तीन सालों में भाजपा का ग्राफ देशभर में बढ़ा है। अमित शाह ने कहा कि भाजपा 10 सदस्यों से शुरू हुई थी और आज 11 करोड़ से भी अधिक सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। उन्होंने बताया कि देश में आज भाजपा के 1387 विधायक हैं और 13 राज्यों में भाजपा की सरकार है तथा 4 राज्यों में भाजपा गठबंधन की सरकारें हैं। उन्होंने कहा कि देश के 50 फीसदी से ज्यादा भू-भाग पर भाजपा का परचम फहरा रहा है। इस अवसर पर उनके साथ चंडीगढ़ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष संजय टंडन तथा सांसद किरण खेर सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। इससे पूर्व प्रेस क्लब में पहुंचने पर क्लब के प्रधान जसवंत राणा तथा महासचिव विरेंद्र रावत ने अमित शाह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

जीएसटी : पशु चिकित्साल्यों व बूचड़खानों को.....

क्लासिक डांस (लोक नृत्य, ड्रामा व थिएटर प्रस्तुतियों सहित) पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। परिषद् ने मौजूदा सेवा कर प्रणाली में दी जा रही ज्यादातर छूटों को जारी रखने का फैसला किया है। इकोनामी क्लास में हवाई यात्रा करना पांच प्रतिशत जीएसटी के साथ सस्ता रहेगा जबकि क्षेत्रीय संपर्क योजना से जुड़े हवाई अड्डों से हवाई यात्रा भी इसी कर दर के कारण सस्ती रहेगी।

बौद्धिक संपदा (आईपी) के इस्तेमाल की अस्थाई अनुमति या स्थानांतरण पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा जबकि आईपी के स्थाई स्थानांतरण पर भी इसी दर से कर लगेगा। टोल आपरेटरों की सेवाओं के साथ साथ बिजली वितरण व पारेषण तथा आवासीय मकान किराए पर देने को जीएसटी से छूट दी गई है। जिन सेवाओं को जीएसटी से छूट दी गई है उनमें पशु बूचड़खाने, बैंकों द्वारा ऋण व जमाएं देना तथा पशु चिकित्सालयों द्वारा उपलब्ध करवाई गई सेवाएं शामिल हैं। किसी वरिष्ठ वकील द्वारा कारोबारी इकाई से इतर किसी व्यक्ति को दी जाने वाली विधि सेवाओं या किसी वित्त वर्ष में 20 लाख रुपए तक के कारोबार वाली कारोबारी इकाई को जीएसटी से छूट रहेगी। किताबें उधार देने की सेवाएं देने वाले सार्वजनिक पुस्तकालयों तथा फलों व सब्ज़ियों की खुदरा पैकेजिंग व लेबलिंग को सशर्त छूट दी गई है। इसी तरह बिना एसी वाले रेस्टोरेंट में भोजन बिल पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। मदिरा लाइसेंस वाले एसी रेस्टोरेंट में कर की दर 18 प्रतिशत रहेगी। वहीं पांच सितारा होटलों में जीएसटी की दर 28 प्रतिशत रहेगी। इसी तरह 50 लाख रुपए या कम कारोबार वाले रेस्टोरेंट पर पांच प्रतिशत की दर से जीएसटी लगेगा। वहीं सफेदी (पुताई) जैसे ठेके पर किए जाने वाले काम पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। जीएसटी के तहत मनोरंजन कर को सेवा कर में मिला दिया जाएगा जबकि सिनेमा सेवाओं, घुड़दौड़ में बाजी लगाने या गेंबलिंग पर 28 प्रतिशत कर लगेगा। सिनेमा हॉल के लिए प्रस्तावित कर दरें मौजूदा दरों की तुलना में 40 से 55 प्रतिशत तक कम है। इससे जहां सिनेमा टिकटें सस्ती हो सकती हैं और उन पर शुल्क लगाने का अधिकार राज्यों के पास ही रहेगा। प्रति दिन 1,000 रुपए का शुल्क लगाने वाले होटल व लॉज को जीएसटी में छूट रहेगी।

वहीं 1000 से 2000 रुपए प्रति दिन शुल्क वाले होटल के लिए शुल्क दर 12 प्रतिशत रहेगी। इसी तरह 2500 से 5000 रुपए प्रतिदिन शुल्क वाले होटल के लिए शुल्क दर 18 प्रतिशत रहेगी। इसी तरह 5000 रुपए से अधिक प्रतिदिन शुल्क वाले होटल के लिए शुल्क दर 28 प्रतिशत होगी। बिना एसी वाली रेलगाड़ी में यात्रा, लोकल ट्रेन और मेट्रो ट्रेन में यात्रा जीएसटी से छूट होगी जबकि वातानुकूलित रेलगाड़ी में यात्रा पर पांच प्रतिशत सेवाकर जीएसटी लगेगा, इतनी ही दर से माल भाड़े पर भी जीएसटी लगेगा। ओला, उबर जैसी टैक्सी सेवाओं पर पांच प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाया जाएगा। दूरसंचार और वित्तीय सेवाओं पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगेगा।

जाधव को पाक कानून के मुताबिक.....

पाकिस्तान से यह कहा है कि उसके किसी फैसले तक पहुंचने तक जाधव की फांसी पर रोक लगाई जाए।'

उन्होंने कहा कि जब मौत की सज़ा वाले मामले आते हैं तो अंतर्राष्ट्रीय अदालत ने हमेशा स्थगन आदेश दिया है। सरताज अजीज ने कहा कि आईसीजे ने राजनयिक मदद पर कोई फैसला नहीं किया और यह कहा है कि मामले पर चर्चा होगी। उन्होंने दावा किया कि जाधव कोई आम भारतीय नागरिक नहीं है, बल्कि 'वह भारतीय नौसेना में अधिकारी रह चुका है जिसने पाकिस्तान में जासूसी गतिविधियों की बात स्वीकारी है।' शीर्ष राजनयिक ने कहा कि फर्जी पासपोर्ट पर पाकिस्तान में दाखिल होने और आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता की बात स्वीकार करने के बाद जाधव को पाकिस्तान के कानूनों के मुताबिक सज़ा सुनाई गई।

ईरान में रूहानी ने जीता राष्ट्रपति.....

दुनिया के देशों के साथ मधुर संबंधों के अपने वादे से ज्यादा उदारवादी एव सुधारवादी मानसिकता वाले ईरानियों के लिए उम्मीद बनकर उभरे हैं। अधिकारियों ने बताया है कि चार करोड़ से अधिक लोगों ने मतदान में हिस्सा लिया था।

चुनाव आयोग ने दी ईवीएम हैक.....

चार घंटे का समय मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस चुनौती का मकसद किसी की जीत या हार दिखाना नहीं बल्कि अपनी चुनाव प्रक्रिया को और मज़बूत बनाना और इसमें मतदाताओं का भरोसा बढ़ाना है।

ज़ैदी ने कहा कि ईवीएम के संबंध में आयोग को शिकायतें मिलती रही हैं लेकिन इस बारे में कोई साक्ष्य नहीं सौंपे गए हैं। उन्होंने कहा ईवीएम की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए उनके साथ वीवीपैट का इस्तेमाल करने का प्रावधान भी किया जा रहा है और अगले आम चुनाव वीवीपैट के साथ कराए जाएंगे। इससे चुनाव में और अधिक पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा कि यह भ्रांति फैलाई जा रही है कि आयोग विदेशों में निर्मित ईवीएम का इस्तेमाल कर रहा है। यह बात पूरी तरह आधारहीन है। आयोग सभी मशीनें सार्वजनिक उपक्रम भारत इलैक्ट्रॉनिक लिमिटेड तथा इलैक्ट्रॉनिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया से बनवाता है और इनका सॉफ्टवेयर भी यहीं बनता है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में हार के बाद बसपा प्रमुख मायावती व पंजाब विधानसभा चुनाव व दिल्ली के एमसीडी चुनाव में करारी शिकस्त के बाद आम आदमी पार्टी ने ईवीएम को लेकर सवाल खड़े किए हैं। आम आदमी पार्टी का कहना है कि ईवीएम से छेड़छाड़ कर विधानसभा चुनाव परिणामों को बदला गया है। अब चुनाव आयोग सभी राजनीतिक दलों की इस संबंधी आपत्तियों को दूर करने का प्रयास कर रहा है।

साबरमती एक्सप्रैस विस्फोट : एएमयू का पूर्व स्कॉलर वानी दोषमुक्त करार

नई दिल्ली, 20 मई (भाषा) : अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व स्कॉलर एवं हिजबुल मुजाहिदीन के संदिग्ध सदस्य गुलज़ार अहमद वानी को बाराबंकी अदालत ने वर्ष 2000 में साबरमती एक्सप्रेस में हुए विस्फोट का षड्यंत्र रचने के मामले में आज दोषमुक्त करार दे दिया। आरोपी के वकील के अनुसार अदालत ने सबूतों के अभाव के कारण वानी और सह आरोपी मोबिन को रिहा कर दिया। वकील एम. एस. खान ने फोन पर कहा, 'अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एम.ए. खान ने दोनों आरोपियों को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया क्योंकि अभियोजन उनके खिलाफ लगाए गए किसी भी आरोप को साबित नहीं कर सका।' वानी को दिल्ली पुलिस ने वर्ष 2001 में कथित रूप से विस्फोटकों एवं आपत्तिजनक सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया था।

बद्रीनाथ मार्ग खुला, वाहनों की आवाजाही.....

गोबिंदघाट में लंगर ग्रहण करवाते गुरुद्वारे के सेवादार। (छाया : कमल शर्मा)

अधिकारी मौजूद थे जिसमें रात-दिन 28 घंटे तक काम करने के बाद लगभग शाम 7 बजे मलबा हटाकर छोटी गाड़ियों के लिए रास्ता खोल दिया गया। रास्ता खुलने के बाद पुलिस की निगरानी में छोटे वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई। गढ़वाल कमिशनर विनोद शर्मा ने बताया कि मलबे को हटाने के लिए भारी उपकरणों का इस्तेमाल कर चट्टान को हटाने के लिए ब्लास्टिंग भी करनी पड़ी, जिसके कारण रास्ता आज शाम को खोल दिया गया। उन्होंने बताया कि पहले बद्रीनाथ रास्ते में फंसे लोगों को निकाला जाएगा उन्होंने बताया कि कल प्रात: से बड़ी बसों को भी रास्ते से निकाल दिया जाएगा।